# कनेरादेव के अधूरे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## विभाग के अपर आयुक्त ने आज सागर में बैठक लेकर दिए निर्देश, 1260 मकानों में से 684 मकान आज भी निर्माणाधीन

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत (आईएएस) ने जिले की नगरीय निकायों की बैठक लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 25-26 की टूल किट के तहत कार्यों को करने के निर्देश दिए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी एवं बीएलसी घटक के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली.**



उन्होंने निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कनेरादेव में बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि कनेरादेव में प्रधानमंत्री आवास योजना ए एच पी घटक के अंतर्गत 1260 आवासों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें से 576 आवासों का निर्माण किया जा चुका है शेष 684 आवासों का कार्य प्रगति पर है, पूर्ण किए गए 576 आवास हितग्राहियों को आवंटित किए जा चुके हैं, शेष आवासों का कार्य पूर्ण होने के बाद हितग्राहियों को आवंटन की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी. अपर आयुक्त ने कनेरादेव में बनाए जा रहे आवासों का कार्य गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, इस दौरान उन्होंने रहवासियों से चर्चा भी की.

निगमायुक्त ने बताया कि अपर आयुक्त गेमावत ने मसवासी ग्रंट स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण कर कचरा प्रसंस्करण इकाई में कचरा से खाद बनाए जाने का अवलोकन किया गया.

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने सीवर प्रोजेक्ट के पथरिया हाट स्थित एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर सीवर लाइन के गंदे पानी से पानी के शुद्धिकरण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर सहायक यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, संयम चतुर्वेदी, महादेव सोनी सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.

मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी घटक कनेरा देव अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करने के नाम पर नगर निगम द्वारा 24.60 करोड़ रुपए का ऋण नेशनल हाऊसिंग बैंक भोपाल से लेने के संबंध में छह माह पूर्व एमआईसी में प्रस्ताव रख कर तीन माह पूर्व संपन्न हुए नगर निगम के साधारण सम्मेलन में मुहर लगाई गई थी. एमआईसी के छह माह और परिषद के सम्मेलन के तीन माह बाद भी ऋण मंजूर न होने के कारण निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है. संबंधित निर्माण एजेंसी ने भी अनेकों बार बिल भुगतान के लिए प्रयास किए मगर न होने के कारण कार्य लगभग बंद सा ही पड़ा है.

# निर्माणाधीन साबूलाल मार्केट का कार्य तीन माह में पूर्ण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने कटरा स्थित रामपुरा वार्ड के साबूलाल मार्केट का निरीक्षण किया. उल्लेखनीय है कि विगत दिवस स्थानीय निवासियों एवं दुकानदारों ने विधायक श्री जैन के निवास पर पहुंचकर साबूलाल मार्केट का कार्य लंबे समय से अधूरा होने एवं अव्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं रखी थीं, साथ ही शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया था.**

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जैन ने कहा कि मार्केट को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सबसे पहले अस्थाई अतिक्रमण हटाना आवश्यक है.



विधायक श्री जैन ने ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में मार्च माह के अंत तक मार्केट का समस्त कार्य पूर्ण किया जाए. विधायक जैन ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि साबूलाल मार्केट को सफल और उपयोगी बनाना है, तो इसके चारों ओर समुचित एप्रोच रोड और आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, जिससे नागरिकों एवं ग्राहकों को मार्केट तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो. उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दृष्टि से यहां पुलिस चौकी प्रारंभ करने के संबंध में भी चर्चा करने की बात कही गई. इस अवसर पर पार्षद पराग बजाज, श्रीकांत जैन, मनोहर तिवारी, अतुल जैन, उपयंत्री दिनकर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### जैन मिलन मकरोनिया का कंबल वितरण

**सागर.** भारतीय जैन मिलन शाखा मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 ने सिद्धक्षेत्र मदनपुर उप्र जाकर के मंदिरों में जरुरतमंदों को भीषण ठंड में कंबलों, ऊनी स्वेटर, साड़ी एवं अन्य पेंट शर्ट जैसे कपड़ों का वितरण किया. सुरेश जैन ने बताया कि यह कार्य जैन मिलन के सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है. तीसरे चरण में अतिशय क्षेत्र ईशुरवारा में ऊनी कपड़ों का भी वितरण होगा. इस अवसर पर अरुण चंदेरिया, राजेश जैन, निशीकांत सिंघई, विजय जैन, संजय शक्कर, रविंद्र जैन, हेमचंद्र जैन, पीसी जैन, डालचंद्र जैन, आनंद जैन, अनिल जैन, प्रसून जैन उपस्थित थे.



### क्रिकेट महाकुंभ आयोजन की बैठक संपन्न

**सागर.** आगामी सुरखी क्रिकेट महाकुंभ के आयोजन को लेकर युवा शक्ति संगठन की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सिहोरा एवं राहतगढ़ क्षेत्र की युवा शक्ति संगठन की टीम ने सहभागिता की. बैठक की अध्यक्षता युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ने की. श्री राजपूत ने आयोजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अलग-अलग दायित्वों के निर्वहन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया. बैठक में युवाओं ने क्रिकेट महाकुंभ को सफल बनाने का संकल्प लिया.



### जनशताब्दी पर प्रलेस द्वारा गोष्ठी आयोजित हुई

**सागर.** प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा उपन्यासकार श्री लाल शुक्ल के जन्म शताब्दी वर्ष पर गोष्ठी आयोजित की गई. गोष्ठी में डॉ. नम्रता फुसकेले ने कहा कि राग दरबारी में खास बात यह है कि इसमें कथा कम और माहौल ज्यादा महसूस होता है . चर्चा में पीआर मलैया, टी आर त्रिपाठी, कैलाश तिवारी विकल, पेट्रिस फुसकेले ने भाग लिया. कवि केएल कवॅल, एम.शरीफ, ममता भूरिया, परमानंद आनंद, पेट्रिस फुसकेले,डॉ. अनिल जैन, हरगोविंद विश्व ,अमित आठिया, वीरेंद्र प्रधान, सुमन झुड़ेले, डॉ. नलिन निर्मल, मुकेश तिवारी, कैलाश तिवारी विकल, पूरन सिंह राजपूत, डॉ. गजाधर सागर, वी पी उपाध्याय, टी आर त्रिपाठी, आदर्श दुबे ,पीआर मलैया, हिमांशु साहू, देवेन्द्र सिघई ने रचनापाठ किया. प्रलेस के महासचिव पेट्रिस फुसकेले द्वारा आगामी कार्यक्रम एवं स्मारिका के संबंध में जानकारी दी गई. संचालन सुमन झुडेले के द्वारा किया गया.



### मोतियाबिंद जांच व ऑपरेशन शिविर

**सागर.** ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माता मरिया अस्पताल, जामघाट रहली में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ. अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अब मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मरीजों को सागर या अन्य बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी, अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित और सफल ऑपरेशन किए जाएंगे. शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि वे आंखों की रोशनी खोने से बच सकें.



# वीर बाल दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. कबीर मानव सेवाधाम बालिका गृह कुड़ारी एवं नवांकुर संस्था अभिनयतोष महिला बाल विकास समिति के तत्वावधान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया.**


आश्रम की बालिकाओं के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, नृत्यकला प्रतियोगिता हुईं. गौरव सिंह राजपूत ने गीत प्रस्तुत किया. मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में केवल सिख इतिहास का अध्याय नहीं बल्कि भारत की आत्मा में रचा-बसा धर्म, साहस और बलिदान का शाश्वत प्रतीक है. चंद्रप्रकाश शुक्ला ने संचालन एवं संचालक कमलेश कराले ने आभार माना. इस अवसर पर किरण शर्मा, सुरेन्द्र सेन, जय ठाकुर, संदीप रैकवार अधीक्षक प्रियतमा, चन्दारानी शर्मा मौजूद थीं.

# गौ संस्कृति दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति : साध्वी

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन काल में हमें अनेकों शिक्षाएं दीं.**

उन्होने कहा कि आज हम भगवान श्री कृष्ण के भक्त तो कहलाते हैं, लेकिन क्या उनके सिद्धांतों को, शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण किया? यदि उनके सिद्धांतों को हमने धारण किया होता तो आज हमारे देश में गौ मां की स्थिति बहुत ही अच्छी होती.



उन्होने कहा कि वह भारत देश जहां विप्र धेनु सुर संत हित भगवान समय-समय पर अवतार धारण करते हैं, उस भारत में आज गाय की इतनी अवहेलना क्यों? इसके पीछे एक ही कारण है कि हम गौ मां की महानता को अभी तक जान ही नहीं पाए. इसलिए आवश्यकता है अपनी गौ संस्कृति को जानने की क्योंकि हमारी गौ संस्कृति दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति है, सबसे महान संस्कृति है. साध्वी ने कहा कि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से गौ मां के संवर्धन व संरक्षण के लिए सराहनीय कदम उठाएं जा रहे हैं. जिसके तहत कामधेनु नाम का एक सामाजिक प्रकल्प चलाया जा रहा है.

### हाट बाजार आज लगेगा

**सागर.** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग व आत्मा परियोजना सागर की पहल पर शुरू किए गए जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार ने अपने पहले ही आयोजन में जिले में नई मिसाल कायम की है. इसका दूसरा साप्ताहिक आयोजन रविवार, 28 दिसंबर को पीटीसी ग्राउंड, पीली कोठी, पहलवान बब्बा मंदिर के समीप आयोजित किया जाएगा. आयोजित पहले हाट बाजार में बड़ी संख्या में जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद लेकर पहुंचे थे. वहीं, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं ने सीधे किसानों से खाद्य सामग्री खरीदी.

# महिला कांग्रेस ने किया जमानत का विरोध

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रिचा सिंह के नेतृत्व में जिला महिला कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सुशील खरे को सौंपा.**

ज्ञापन में बताया कि उन्नाव गैंगरेप मामले में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा के बावजूद दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत का विरोध करते हुए उसकी जमानत तत्काल रद्द करने और जेल में ही रखने की मांग की गई.



प्रदेश महासचिव श्रीमती सिंह ने राष्ट्रपति से पीड़िता को पूर्ण न्याय दिलाने की बात कही है. महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीमती रेखा सोनी ने आरोपी की जमानत तत्काल निरस्त कर कठोर कार्रवाई की मांग की. पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष देवरी आंचल आठ्या ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कठोर सजा की आवश्यकता बताई. श्रीमती किरण लता सोनी पूर्व सचिव ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे को खोखला बताया. पार्षद रोशनी खान ने भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की. इस अवसर पर रजिया खान, मीना पटेल, अर्चना कनौजिया, रेखा अहिरवार, पार्षद नीलोफर अंसारी, सीमा चौधरी, रेखा अहिरवार, अभिलाषा अहिरवार, गीता कुशवाहा, परवीन खान, सलोनी सौर, सीरीन साइमान, शैलेंद्र तोमर, पार्षद ताहिर खान, वसीम खान,तज्जू खान, गोपाल प्रजापति, सुनील पावा अनिल दक्ष मौजूद थे.

### देवरी नपाध्यक्ष को वापस बुलाने कार्यक्रम

**सागर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका परिषद देवरी जिला सागर के अध्यक्ष को अपने पद से वापस बुलाने के संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है. मतदान 19 जनवरी, को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 29 दिसम्बर को होगा, इसी दिन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा. मतदान 19 जनवरी को होगा. मतगणना तथा निर्वाचन परिणामों की घोषणा 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जायेगी. क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है.

# प्लॉस्टिक मुक्त कार्यशाला



नवभारत न्यूज

**बंडा 27 दिसंबर. शासकीय हाई स्कूल पिपरिया चमारी में पत्तों से दोना- पत्तल निर्माण, बांस से टोकनी निर्माण, खजूर झाडू निर्माण कार्यशाला हुई.**

सुंदरलाल बहुगुणा समूह, अमृता देवी समूह, मेधा पाटकर समूह सुनीता नारायण समूह बनाकर विद्यार्थियों ने रेखा सेन से दोना पत्तल, शालिनी बंसल से बांस की टोकनी, दौलत सिंह ठाकुर से खजूर झाडू, स्मिता चौहान ने कपड़े की थैली बना कर दिखाए एवं बच्चों से भी बनवाई गई. इस दौरान प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, सुनील रावत, मोहनलाल, अभय पांडे, विकास रजक, नीता वर्मा, अर्जित जैन, सरपंच प्रतिनिधि कामता प्रसाद, उप सरपंच मूलचंद पटेल मौजूद थे.

# ट्रक की टक्कर से एक की मौत

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 27 दिसंबर. हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में ट्रक पलट गया, जिससे चालक के पिता की मौत हो गई और चालक घायल हो गया.**

घायल पुत्र ने आरोप लगाया है कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो उसके पिता की जान बच सकती थी. यह घटना हाईवे 44 पर तालबेहट के पास ग्राम बम्होरी सर के निकट हुई. हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक को पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया. हादसे में ट्रक चालक संजय निवासी चार शहर का नाका, हजीरा, ग्वालियर, और उसके पिता सुरेंद्र शर्मा घायल हो गए, उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया. तालबेहट में हालत गंभीर होने पर दोनों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया.

घायल संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद उन्हें पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, हालांकि, एंबुलेंस काफी देरी से आई, जिसके कारण वे समय पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंच पाए. संजय का कहना है कि यदि एंबुलेंस समय पर आती तो शायद उनके पिता की जान बच जाती. संजय ने बताया कि उनके पिता भी ट्रक चालक थे और वे दोनों हैदराबाद से कॉपर वायर भरकर दिल्ली जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ.

### पंचायत चुनाव कल

**सागर.** जिला अंतर्गत 02 जनपद सदस्य, 03 सरपंच पद एवं 14 पंच पद के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 (उत्तरार्द्ध) का कार्यक्रम जारी किया गया था. जिले में रिक्त पदों में से जनपद पंचायत बंडा अंतर्गत 01 जनपद पंचायत सदस्य का पद, जनपद पंचायत देवरी अंतर्गत 01 सरपंच का पद तथा 14 पंचों के पद निर्विरोध रूप से भरे जा चुके हैं. शेष रहे 01 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत राहतगढ़ में 10 मतदान केंद्रों पर 29 दिसंबर को मतदान होगा, जिसमें 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं. बीना की ग्राम पंचायत देवल में सरपंच पद हेतु 3 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके लिए 3 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा.

# चांदपुर बस स्टैंड से युवक का शव बरामद

## हम्माली का कार्य करता था युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नवभारत न्यूज

**रहली 27 दिसंबर. रहली थाना क्षेत्र के देवरी रोड पर चांदपुर गांव में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्टैंड पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश देखी गई. यह हवा फैलते ही लोग चांदपुर स्टैंड पर जमा हो गए. लोगों ने उसे हम्माल अनिल अहिरवार के रूप में पहचान करते हुए तुरंत घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई.**




पुलिस ने तत्काल एफएसएल टीम को सूचना कर चांदपुर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया तथा लोगों से पूछना शुरू की. जानकारी के अनुसार अनिल अहिरवार गल्ला व्यापारी शुभम जैन के यहां काम करता था. रात में परिवार वालों से बात भी हुई दिनभर की हम्माली का हिसाब कर अपने साथियों के साथ वहां से वापस आ गया था. सभी के साथ घर गया और फिर लौट कर आ गया इसके बाद अनिल घर नहीं पहुंचा इस स्थिति में परिवारजन इसे सोची समझी हत्या बता रही हैं. पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार भी किया है. उक्त घटना के बाद परिजनों एवं गांव के लोगों ने बस स्टैंड पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया. तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी. तब जाकर जाम समाप्त हुआ. एफएसएल टीम ने घटनास्थल का नक्शा तथा मृतक के शरीर के ब्लड आदि के सैंपल भी लिए गए.

# आदिवासी बालिकाओं के भविष्य को मिलेगी उड़ान

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 27 दिसंबर.विधायक बृजबिहारी पटेरिया के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिनके कारण केसली क्षेत्र को यह बड़ी शैक्षणिक सौगात मिली है.**

विधायक श्री पटेरिया ने कहा कि यह परियोजना जनजातीय बालिकाओं की शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले की देवरी विस के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केसली में एक अत्याधुनिक माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है. लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह आवासीय विद्यालय आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक



ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है. परियोजना के अंतर्गत 490 छात्राओं की क्षमता वाला अत्याधुनिक स्कूल भवन एवं 490 छात्राओं के लिए दो छात्रावास भवन निर्मित किए जाएंगे. छात्रावासों में 3-सीटर एवं 6-सीटर कमरे प्रस्तावित हैं, जिससे छात्राओं को सुरक्षित, आवास उपलब्ध हो सकेगा.

विधायक बृजबिहारी पटेरिया का कहना है कि यह परियोजना जनजातीय बालिकाओं की शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी. योगेंद्र सिंह चौहान, डीजीएम एमपीबीडीसी ने बताया कि इस आवासीय शिक्षा परिषद को उच्च गुणवत्ता एवं अत्यधिक तकनीक के साथ बनाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके.

# तीन थाना प्रभारी बदले गए

नवभारत न्यूज

**सागर 27 दिसंबर. जिले में बढ़ते अपराध और विवेचना में लापरवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है.**

पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने तीन थाना प्रभारियों के तबादले के आदेश जारी किए. इस कार्रवाई में लगातार विवादों में रहे गोपालगंज थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा को हटाकर रक्षित केंद्र (लाइन) भेज दिया गया है. उनकी जगह भानगढ़ थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा को गोपालगंज थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं केसली थाना प्रभारी हरीराम मानकर को देवरी थाना स्थानांतरित किया गया है. बताया जा रहा है कि यह बीते एक सप्ताह में पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया तीसरा बड़ा तबादला आदेश है, इससे पहले गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत को डीसीबी शाखा, बहेरिया थाना प्रभारी गजेंद्र जौहरिया को पुलिस लाइन और डीएसबी शाखा प्रभारी निरीक्षक नवीन जैन को मालथौन थाना भेजा गया था. शहर और जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, जिससे पुलिस की छवि पर भी सवाल उठ रहे हैं.

### नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग

**ललितपुर.** वार्ड नं. 6 में नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कराये जाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है. लोगों ने डीएम को बताया कि रामनगर के रूपा कालोनी के उत्तर-पश्चिम में नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है, किंतु अचानक नाले का निर्माण कार्य रोक दिये जाने के कारण नाले में जल भराव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है, इससे मोहल्ले वासियों के मकानों में पानी भरने से उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है. मोहल्ले वासियों ने डीएम से उक्त कार्य को फिर से शुरू कराये जाने और जल निकासी कराई जाए.